बिहार में जनसँख्या वृद्धि
Population Growth in Bihar

बिहार भारत का एक महत्वपूर्ण राज्य है जहां दो संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। पहला उपजाऊ जलोढ़ मिट्टी तथा दूसरा बहुत बड़ी आबादी। जिस प्रकार यहां के उपजाऊ मिट्टी में भी विभिन्न प्रकार की समस्याएं हैं उसी प्रकार यहां की जनसंख्या भी निम्न साक्षर, निम्न स्वास्थ्य सेवाएं, उच्च वृद्धि दर, कृषि पर निर्भरता, ज्यादातर ग्रामीण आबादी आदि समस्याओं से जूझ रही है। यदि इस जनसंख्या को प्राथमिकता के तौर पर विकसित किया जाए तो यह मानव संसाधन साबित होगी। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार की आबादी 10,38,04,637 है जोकि पूरे देश की जनसंख्या का 8.58% है। हालांकि बिहार का क्षेत्रफल पूरे देश का 2.86% ही है। आबादी के हिसाब से यह भारत का तीसरा बड़ा राज्य है लेकिन जनसंख्या घनत्व में प्रथम स्थान रखता है।

जनसँख्या वृद्धि (Population Growth)

हालाँकि जनगणना पहली बार 1872 में हुआ लेकिन व्यवस्थित रूप से 1881 और 1891 में ही हो पाया। फिर भी उस समय के आंकड़े विस्तृत रूप में उपलब्ध नहीं है। अतः बिहार में जनसंख्या वृद्धि को हम 1901 की जनगणना के बाद निम्नलिखित रुप में पाते हैं।

Trend of Population Growth

Census year	Population	Decennial increase	Population of India
1901	21,243632	—	23.84 crore
1911	21,567,159	1.52	25.21
1921	21,358,905	-0.97	25.13
1931	23,438,371	9.74	27.30
1941	26,302,771	12.22	31.87
1951	29,085,017	10.58	36.11
1961	34,840,968	19.79	43.92
1971	42,126,235	20.91	54.81
1981	52,302,665	24.16	68.38
1991	64,530,554	23.38	84.39
2001	82,998,509	28.62	102.87
2011	103,804,637	25.07	121.00

बिहार की जनसंख्या वृद्धि की प्रवृति

जनगणना वर्ष	कुल जनसंख्या	दशकीय वृद्धि (% में)	वार्षिक वृद्धि (% में)
1901	2,73,11,865	—	—
1911	2,83,14,281	+3.67	0.36
1921	2,81,26,675	-0.66	0.06
1931	3,13,47,108	+11.45	1.14
1941	3,51,70,840	+12.20	1.22
1951	3,87,82,271	+10.27	1.02
1961	4,64,77,457	+19.76	1.97
1971	5,63,53,369	+21.33	2.13
1981	6,99,14,734	+24.06	2.04
1991	8,63,38,853	+22.11	2.34
2001 (विभाजन)	8,29,98,509	+28.6	2.84
2011	10,40,99,452	+25.4	—

1. मंदवृद्धि का काल (1901-1921)
2. मध्यम वृद्धि का काल (1921-1951)
3. तीव्र वृद्धि का काल (1951-2001)
4. मध्यम मंदवृद्धि का काल (2001-2011)

1. **मंदवृद्धि का काल (1901-1921)** : पूरे अवधि में जनसंख्या में अत्यंत मंद गति से वृद्धि हुई । हालांकि 1911 में जनसंख्या 1.52% बढ़ी परंतु अगले दशक (1911-20) में जनसंख्या में नकारात्मक वृद्धि -0.97% रही जिसका कारण प्राकृतिक प्रकोप अकाल और सूखा, विभिन्न प्रकार की महामारियां जेसे प्लेग, हैजा आदि थे ।
2. **मध्यम वृद्धि का काल (1921-1951)** : इस अवधि में राज्य में मध्यम जनसंख्या वृद्धि दर्ज की गई । 1921-30 के बीच राज्य की जनसंख्या वृद्धि दर 9.74%, 1931-40 में 12.22% तथा 1941-50 में 10.58% की वृद्धि हुई है ।



3. **तीव्र वृद्धि का काल (1951-2001)** : इस अवधि में बिहार में तीव्र गति से जनसंख्या वृद्धि हुई । इन 50 वर्षों में लगभग 3 गुना जनसंख्या बढ़ गया । इन सब का कारण अकाल, बाढ़ आदि को बेहतर तरीके से प्रबंध किया गया, साक्षरता दर बढ़ी, स्वास्थ सेवाओं में सुधार हुआ ।
4. **मध्यम मंदवृद्धि का काल (2001-2011) :** बिहार की जनसंख्या वृद्धि दर अब कम होने लगी है क्योंकि 2001- 2011 की जनगणना में वृद्धि दर 25.07% रहा जो कि 1991 2001 की जनसंख्या वृद्धि दर 28.62% से कम है । इसका कारण स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि शिक्षा के स्तर में वृद्धि आदि है ।

जनसंख्या वृद्धि में स्थानिक विविधता (Spatial Variation in Population Growth)

1901-1911 के बीच में जबकि बिहार के सभी जिलों में सकारात्मक जनसंख्या वृद्धि हुई वही कुछ जिलों जैसे पटना, नालंदा, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, सारण, गोपालगंज आदि में जनसंख्या में

नकारात्मक वृद्धि हुई । वहीँ 1911-1921 के बीच में जबकि राज्य की जनसंख्या में गिरावट आई कुछ जिलों में जनसंख्या वृद्धि दर सकारात्मक रही जैसे कि सारण, सीवान, गोपालगंज, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज आदि । 1921-1931 के बाद किसी भी जिले में नकारात्मक वृद्धि दर्ज नहीं की गई हालांकि कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं । 1951-61 के दशक में सभी जिलों ने कम वृद्धि दिखना शुरू हो गया है । 2001-2011 की अवधि में 22 जिलों ने राज्य के औसत वृद्धि दर से अधिक वृद्धि दर दर्ज की जिसमें मधेपुरा पहले स्थान पर था । इस बीच में गोपालगंज में सबसे कम दशकीय वृद्धि दर्ज की गई । निम्नलिखित सरणी से समझ सकते हैं:

Decennial Variations in Population, 1901-2011

District	1901-11	1911-21	1921-31	1931-41	1941-51	1951-61	1961-71	1971-81	1981-91	1991-2001	2001-2011
Pashchimi Champaran	6.59	1.70	10.55	11.74	4.91	23.68	19.76	24.30	18.30	30.42	28.89
Purbi Champaran	6.59	1.70	10.55	11.74	4.91	16.42	16.36	24.00	25.46	29.47	29.01
Sheohar	3.24	–3.18	6.7	10.32	8.51	13.26	13.27	17.29	27.34	36.61	27.32
Sitamarhi	3.24	–3.28	6.75	10.32	8.51	15.91	14.27	22.99	23.13	33.22	27.42
Madhubani	0.59	–0.55	8.67	9.19	9.04	17.58	18.18	22.93	21.76	26.24	25.19
Supaul	3.09	–3.44	5.81	0.78	15.94	50.53	28.83	27.28	23.45	29.02	28.62
Araria	7.46	6.78	8.16	8.86	6.13	45.01	27.58	27.31	26.69	33.94	30.00
Kishanganj	7.46	6.78	8.16	8.86	6.13	36.72	34.60	30.15	22.20	31.73	30.44
Purnia	7.46	6.78	8.16	8.86	6.13	36.90	26.92	27.42	23.76	35.40	28.66
Katihar	7.46	6.78	8.16	8.86	6.13	31.09	24.80	25.65	27.77	31.08	28.23
Madhepura	3.09	–3.44	5.81	0.78	15.94	21.46	20.57	24.28	22.16	29.63	30.65
Saharsa	3.09	–3.44	5.81	0.78	15.94	21.24	23.88	25.07	25.54	33.18	25.79
Darbhanga	0.59	–0.55	8.67	9.19	9.04	16.27	21.30	23.75	25.04	31.26	19.00
Muzaffarpur	3.24	–3.18	6.75	10.32	8.51	16.05	19.44	23.48	25.30	26.84	27.54
Gopalganj	4.97	2.20	6.26	15.03	10.30	12.62	19.50	22.99	25.12	26.31	18.83
Siwan	4.97	2.20	6.26	15.03	10.30	12.61	20.51	21.67	22.04	25.03	22.25
Saran	4.97	2.20	6.26	15.03	10.30	15.20	18.13	21.91	23.44	26.26	21.37
Vaishali	3.24	–3.18	6.75	10.32	8.51	20.22	19.05	23.24	29.08	26.67	28.58
Samastipur	0.59	–0.55	8.67	9.19	9.04	17.25	16.61	23.14	28.35	24.95	25.33
Begusarai	3.13	–4.91	12.60	13.05	10.52	20.20	20.23	26.92	24.61	29.46	25.75
Khagaria	3.13	–4.91	12.60	13.05	10.52	21.96	18.57	19.88	28.44	29.69	29.46
Bhagalpur	1.70	–6.70	15.24	14.28	12.25	21.52	22.31	26.58	20.67	26.87	25.13
Banka	1.70	–6.70	15.24	14.28	12.25	17.19	22.06	23.54	24.44	24.47	26.14
Munger	3.13	–4.91	12.60	1305	10.52	18.60	18.27	21.86	17.79	20.58	19.45
Lakhisarai	3.13	–4.91	12.60	1305	10.52	11.41	24.63	21.57	21.08	24.11	24.74
Sheikpura	3.10	–4.89	12.64	13.08	10.58	16.89	19.59	18.94	19.59	18.94	20.82
Nalanda	–0.96	–1.98	17.10	16.14	17.89	17.36	20.08	25.68	21.73	18.75	21.18
Patna	–0.96	–1.98	17.10	16.14	17.89	16.34	20.90	34.13	19.84	30.41	22.34
Bhojpur	–4.96	–2.62	9.88	16.81	15.45	16.05	20.46	21.19	20.25	25.12	21.27
Buxar	–4.96	–2.62	9.88	16.81	15.45	20.81	24.83	19.20	24.25	31.10	27.54

District	1901-11	1911-21	1921-31	1931-41	1941-51	1951-61	1961-71	1971-81	1981-91	1991-2001	2001-2011
Kaimur (Bhabua)	–4.96	–2.62	9.88	16.81	15.45	20.81	24.83	19.20	24.25	31.10	27.54
Rohtas	–4.96	–2.62	9.88	16.81	15.45	23.27	25.67	2302	21.76	27.83	20.22
Aurangabad	4.81	–0.37	10.94	16.20	10.63	19.38	22.28	21.75	24.49	30.72	24.75
Gaya	4.81	–0.37	10.94	16.20	16.63	18.20	23.42	24.62	23.42	30.34	26.08
Nawada	4.81	–0.37	10.94	16.20	10.63	20.84	20.54	22.96	23.70	33.10	22.49
Jamui	3.13	–4.91	12.60	13.05	10.52	20.51	24.38	20.86	21.90	33.03	25.54
Jehanabad	4.81	–0.37	10.94	16.20	16.63	17.21	19.41	20.89	18.48	30.32	21.34
Arwal	4.81	–0.37	10.94	16.20	10.63	17.20	21.85	17.89	20.91	26.40	19.01
Bihar	1.52	–0.97	9.74	12.22	10.58	19.79	20.91	24.16	23.38	28.62	25.07

- **सन्दर्भ:**
- बिहार: लैंड, पीपुल एंड इकॉनमी, लुसेंट बिहार
- विभिन्न प्रतियोगी पुस्तकें एवं इन्टरनेट

बोलेंद्र कुमार अगम, सहायक प्राध्यापक भूगोल, राजा सिंह कॉलेज, सीवान